कचरा गाड़ियों के शोर पर कब लगेगी लगाम

# डोर-टू-डोर ठेकेदारों की हठधर्मिता से शहर परेशान

जबलपुर।

शहर में कई सालों से डोर टू डोर ठेकेदार की कचरा गाड़ियां रोज सुबह घंटों फुल आवाज में गाना बजाती है। जिससे प्रतिदिन हजारों शहरवासियों की नींद हराम होती है। मासूम बच्चे उठकर बैठ जाते हैं, बीमार, बुजुर्ग परेशान होते हैं। अब जब ध्वनि प्रदूषण पर सकरात्मक चर्चा की शुरुआत हुई है। तब आमजन यह सवाल कर रहे हैं कि शहर के गली मोहल्लों चौराहों पर प्रतिदिन सुबह के शांत वातावरण में घंटो तक तेज आवाज में गाना बजाने की अनुमति इन कचरा गाड़ियों को किसने और किस अधिनियम और नियम के तहत दी है। प्रदेश शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण को लेकर नियंत्रण के लिये शुरु हुये अभियान का शहरवासी स्वागत कर रहे हैं। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे आगे बढ़कर प्रशासन के साथ सहयोगात्मक रवैया दिखा रहे हैं। आमजन के बीच अब यह चर्चा शुरु हो गई है, जब ध्वनि प्रदूषण पर बात हो रही है तो व्यापक स्तर पर हो।

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों द्वारा पूरा दिन और विशेषकर सुबह के समय घंटों घंटो गाना बजाया जाता है। जिसके लेकर दर्जनों बार विवाद की स्थिति बनती है। इस संबंधर में नगर निगम



अधिकारियों से ज्ञापन, निवेदन प्रदर्शन किये गये। लेकिन नगर निगम ने कभी इन सफाई ठेकेदारों को नियम के दायरे में लाने का प्रयास नहीं किया। आज जब ध्वनि प्रदूषण को लेकर सकारात्मक चर्चा शुरु हुई है, तो शहरवासी कचरा गाड़ियों के शोर से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा, धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों को बुलाकर नियम समझाने वाले जिम्मेदार, क्या इस तरफ ध्यान देंगे। डोर टू डोर सफाई ठेकेदारों की इस मनमानी पर लगाम लगाएंगे। या फिर भजन आरती आजान की आवाज को नियंत्रित कर इतिश्री कर ली जाएगी।

## बीमार, बुजुर्ग, बच्चे, परेशान

छोटे बच्चे, बीमार बुजुर्ग और कामकाजी शहरवासियों के घर के सामने डोर टू डोर गाड़ियां खड़ी हो जाती है। जितनी देर यह गाड़ियां खड़ी रहती हैं। उतनी देर गाना बजता रहता है। जब सुबह के सन्नाटे में इन गाड़ियों के छोटे चुंगे में फुल आवाज में गाना बजता है। तो पूरा क्षेत्र ध्वनि प्रदूषण का शिकार होता है। लोगों की नींद खराब होती, मानसिक और शारीरिक परेशानियां पैदा होती हैं।

## पहले बजती थी सीटी

गौरतलब है कि पुरानी व्यवस्था में जब कचरा कलेक्शन गाड़ियां आती थीं, तो वह एक दो बार सीटी बजाती थीं। घर की गृहणियां जाग रही होती थीं, वो पहले कचरा बाहर रख देती थीं या सीटी की आवाज पर सभी बाहर आकर अपने अपने कचरे डाल देते थे। लेकिन कब यह सीटी की व्यवस्था फुल आवाज के नान स्टॉप गाना बजाने में बदल गई किसी को नहीं पता।

## पुरानी व्यवस्था की उठ रही मांग

अब जब प्रशासन ध्वनि प्रदूषण को लेकर गंभीर हुआ है तब एक बार फिर कचरा कलेक्शन गाड़ियों के शोर पर सवाल उठ रहे हैं। शहरवासी मांग कर रहे हैं कि ध्वनि प्रदूषण के नियम और कायदे इन गाड़ियों पर भी लागू किये जाएंगे। जिससे बड़ी आबादी को हर सुबह नॉन स्टॉप फुल आवाज में बजने वाले गानों से निजात मिल सके।



# गलाव भरी ठंड में अलाव नदारद

**जबलपुर।** आसमान में छाए बादल छटते ही पारा गोते लगाने लगा है। तापमान 7 डिग्री के आसपास स्थिर बना हुआ है। शीतलहर जनजीवन को प्रभावित किये हुए है। कड़ाके की ठंड से रात होते ही इंसान तो क्या पशु पक्षी भी सड़कों पर नजर नहीं आते हैं। रात में जल्दी सन्नाटा पसर जाता है। सुबह अलसाई हुई होती है। कड़ाके की ठंड के दौर में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वालों की खासी मुसीबत हो रही है। मौसम शुष्क रहेगा और तापमान नीचे आयेगा, बुधवार की सुबह से मौसम ठंडा रहा दिन में भी सर्द हवायें चलती रही। कडाके की ठंड से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा, आसमान में छाए बादल पूरी तरह छंट चुके हैं एक-दो दिनों में पारा और नीचे जा सकता है। उत्तर भारत में हुए हिमपात के कारण बर्फीली हवाओं से कंपकंपी वाली ठंड का दौर शुरु हो गया है। दिन और रात का पारा औसत से एक पायदान नीचे चल रहा है। गलाव भरी ठंड में अलाव नदारद होने से गरीबों को आफत का सामना करना पड़ रहा हैं।

तापमान 7 डिग्री के आसपास स्थिर

### बर्फीली हवाओं की ठंडक

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर भारत के इलाकों में हो रही बर्फबारी की वजह से बर्फीली हवाओं ने शहर को अपने आगोश में ले रखा है। बर्फीली हवाओं की ठंडक की वजह से कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। सुबह से लोग गरम वस्त्रांs में लदे नजर आते हैं।

### पारा 7 डिग्री पर है

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मौसम शुष्क बना हुआ है। तापमान 7 डिग्री के बीच स्थिर है। उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने वातावरण में सिहरन पैदा कर रखी है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 22.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 7.06 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 73 प्रतिशत सायंकाल 53 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6:47 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 5:30 मिनिट पर हुआ। उत्तरी हवाएं 2 से 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे कम 6 डिग्री तापमान ग्वालियर जिले में दर्ज किया गया है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 25.8 और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

## शिशु एवं मस्तिष्क रोगों पर निःशुल्क परामर्श शिविर 24 को

**जबलपुर।** गोलबाजार स्थित नेशनल हॉस्पिटल में रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एक्सीलेंस के तत्वाधान में 24 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक शिशु रोग एवं शिशु मस्तिष्क रोग पर निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कर्नल अतुल चौबे, डॉ. सुशांत शर्मा, डॉ. विजया जायसवाल एवं शिशु मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. पायल केसवानी उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान शिशुओं में बार-बार सर्दी-खांसी होना, खून की कमी होना, वजन कम होना, बिस्तर में पेशाब करना, बार-बार उल्टी एवं दस्त की समस्या होना, भूख न लगना व खाने की कमी, बच्चों के दौरे, मिर्गी, झटके आना, बच्चों की मांसपेशियों, नसों की कमजोरी, जन्म से न चल पाना, हाथ पैर जकड़ना, चलते समय बार-बार गिरना, बच्चों को सिर दर्द होना (माईग्रेन), बच्चों का लकवा (पिडियाट्रिक्स स्ट्रोक), असामान्य व्यवहार, मंदबुद्धि, बात करते समय आँख या मुहँ का टेढ़ा होना, काम करते समय पैर या गर्दन का टेढ़ा होना, बिना वजह अंग हिलाते रहना, शिथिल पड़ जाना आदि रोगों का उपचार किया जाएगा। कैम्प के समय हॉस्पिटल में होने वाली पैथोलॉजी की जांचों पर 50 फीसद एवं एक्सरे और सोनोग्राफी पर 20 फीसद की छूट दी जाएगी। शिविर में नवजात शिशु से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों में सभी प्रकार रोगो का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। आयोजकों ने नागरिकों को असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन दूरभाष क्रमांक 0761-2412612, 2411100 पर आवश्यक रूप से कराने का आग्रह किया हैं।

# मंत्रिमंडल के अभाव में प्रशासनिक निर्णय नहीं हो पा रहे

जबलपुर।

पिछले दो माहों में प्रदेश की जनता असमंजस की स्थिति से जूझ रही हैं, क्योंकि राज्य में मंत्रिमंडल के अभाव में अब पिछले लगभग 3 सप्ताह से अधिकारी ठोस निर्णय नहीं ले पा रहे है और नवंबर में चुनाव आचार संहिता लगने के कारण निर्णय नहीं हो पाए थे। 3 दिसंबर को चुनाव के निर्णय के बाद आज 17 दिन बीत गए, लेकिन मंत्रियों के संवैधानिक पदों पर पदस्थापनाएं नहीं हुई है। फाईलों पर हस्ताक्षर करने के लिए निर्णायक व्यक्ति न होने के कारण कार्यालयों में फाईलों का अंबार लगा है।नतीनज अनेक प्रोजेक्टस शुरु नहीं हो पा रहे, और जो जारी है उनके कार्य सुस्त पड़े हुए है। जनहित तथा अनेक प्रशासनिक निर्णयों को अधिकारियों ने मंत्रियों के नियुक्ति तक रोक दिए है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर इस स्थिति से उन्हें अवगत किया तथा मंत्री मंडल का जल्द से जल्द गठन करने का निवेदन किया है। बैठक में डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, डीआर लखेरा, सुभाष चंद्रा आदि उपस्थित थे।

दफ्तरों में लगा है फाईलों का अंबार



# स्टेशन पर यात्रियों को सुलभ होगी सफर की सामग्री

**जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेलवे द्वारा हैंडीक्राफ्ट आइटम के साथ ही हैंडलूम की सामग्री, कॉस्मेटिक सामग्री, लेडिस और जेंट्स वेयर, जूते मोजे तथा होजरी की सामग्री भी विक्रय हेतु उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस संबंध में जबलपुर रेल मंडल ने स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर 5 वर्षों के लिए गैर किराया राजस्व (एनएफआर) के तहत ठेका आवंटित किया है जिसके द्वारा उक्त सामग्री का विक्रय स्टेशन पर यात्रियों को उपलब्ध कराया जाएगा इस सामग्री के विक्रय केंद्र का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के द्वारा गत दिवस किया गया। इस अवसर पर सीनियर डीसीएम विश्व रंजन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक सहित रेलवे के अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित थे। उल्लेखनीय है की रेल यात्रियों को हमेशा कुछ ऐसी सामग्री की भी सफर में जरूरत होती है जो उनकी यात्रा में आवश्यक होती है जबलपुर स्टेशन पर उक्त सामग्री के लिए रेलवे द्वारा लाइसेंसी की नियुक्ति से यात्रियों को विभिन्न समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी और वह सफर के दौरान आवश्यकता होने पर उक्त स्टोर से जाकर अपनी जरूरत की सामग्री उचित मूल्य पर क्रय कर सकेंगे।

## विवेचकों को दिया गया प्रशिक्षण

# विवादित दस्तावेजों के परीक्षणों पर हुई कार्यशाला

जबलपुर।

पुलिस कंट्रोल रुम में विवादित दस्तावेज एवं उनके परीक्षण के संबंध में विवेचकों को परीक्षण दिया गया। कार्यशाला में क्यू.डी. शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के उप पुलिस अधीक्षक एस.के. वर्मा द्वारा पावर प्वांईट प्रजेन्टेशन के माध्यम से "विवादित दस्तावेज एवं उनके परीक्षण" सम्बंधी विवेचकों को जानकारी दी गई।कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक एस.के. वर्मा ने पावर प्वांईट प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया कि वह दस्तावेज जिस पर विवाद उत्पन्न हो विवादित दस्तावेज कहलाता है, मृत्यु पूर्व पत्र, जाली चैक, जाली रजिस्ट्री, हिसाब में गडबड़ी कर शासकीय सम्पत्ति का गबन, किसी अन्य व्यक्ति के हस्ताक्षर, हस्ताक्षरों का उपयोग करना इत्यादि विवादित दस्तावेजों की श्रेणी में आते हैं।

**मानक (स्टेण्डर्ड) लेख दो प्रकार के होते है-**

स्वाभाविक (नेचुरल) लेख- इन दस्तावेजों को




अनुसंधानकर्ता अधिकारी द्वारा आवश्यक रूप से एकत्रित करने का प्रयास करना चाहिये एवं उन व्यक्तियों से जो इस लिखावट को पहचानते है प्रमाणित करना चाहिये ताकि इनकी विश्वसनीयता संदिग्ध न हों।

नमूना (स्पेशिमेन) लेख- इस प्रकार के लेख अनुसंधानकर्ता अधिकारी द्वारा संदेही व्यक्ति से लिखवाये जाते है। जांच एवं अनुसंधान के दौरान पाये जाने वाले सभी दस्तावेज विवादित नहीं होते है। दस्तावेज कई तरह से अलग-अलग कारणों से विवदित हो सकता है। भोपाल स्थित क्यू.डी. शाख में दस्तावेजों पर विवादित हस्ताक्षर, विवादित लिखावट, अंकों व शब्दों के परिवर्तन या परिवर्धन, की जांच के साथ साथ झुलसे हुये दस्तावेजों का पुर्नस्थापन एवं पढना, कूडेदान अथवा खुले स्थान में मिले, फाडे गये दस्तावेजों के टुकडों की, दीवारों, पत्थर, फर्श, कपडे, शरीर पर लिखे हुये लेखों की जांच की जाती है। आपने बताया कि प्रकरण में जप्त सभी दस्तावेज परीक्षण हेतु न भेजकर, अति आवश्यक कम से कम विवादित दस्तावेज, जो प्रकरण सिद्ध करने में सहायक को ही परीक्षण हेतु भेजा जाये।

# गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ ने कलेक्टर से की भेंट

## केंद्र सरकार को सौंपे अनुरोध पत्र पर की चर्चा

**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्टर सौरभ सुमन से भेंट कर संघ द्वारा भारत सरकार को सौंपे गए अनुरोध पत्र पर की विस्तृत चर्चा की गई। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर का ध्यान गोंडवाना राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के निर्माणाधीन स्थल और उसे पर हो रही कमियों की ओर आकर्षित कराया। इस संबंध में कलेक्टर जबलपुर को एक ज्ञापन सौंपते हुए उनसे अनुरोध किया गया कि गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर द्वारा लगातार वर्ष 1980 से राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह की शहादत दिवस मनाने से लेकर उनकी प्रतिमा स्थापना तथा को लेकर अनेक आंदोलन किए गए। वर्ष 2019 में मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ओंकार सिंह मरकाम के



माध्यम से तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा जमीन का आवंटन हुआ था। जिस पर वन विभाग काबिज था। गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ द्वारा आदिवासी संस्कृति के अनुसार संग्रहालय, पुस्तकालय, प्रवेश द्वार, बावनगढ़ का कीर्ति स्तंभ आदि के संबंध में गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को 2021 में ज्ञापन का सौंपा गया। ज्ञापन में कि संघ की मांगों के अनुरूप कार्रवाई की मांग की गई। इसी के प्रति उत्तर में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने 29 दिसंबर 2021 को जारी पत्र क्रमांक सं.23/64/2021-एम-1 में स्वीकार करते हुए किशोरीलाल भलावी, संभागीय अध्यक्ष गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर से प्रस्ताव मांगा। किंतु भारत सरकार ने इंटेक नामक कंपनी को कार्य दे दिया। स्मारक स्थल का कार्य आदिवासी संस्कृति के हिसाब से नहीं करने के कारण कलेक्टर को अवगत कराया गया और उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि आदिवासी की जनभावनाओं और उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया तो आदिवासी समाज आक्रोशित होकर आंदोलन की राह पर जा सकता है। संघ के प्रतिनिधि मंडल में संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, जिला अध्यक्ष नेम सिंह मरकाम, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र चौधरी, कार्यवाहक अध्यक्ष झारिया, एड.बालकृष्ण चौधरी, परिसंघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कापसे, डीएल कोर्चे, गया प्रसाद धुर्वे, राजू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम अजाक्स अध्यक्ष पद पर जीते अमित मेहरा

**जबलपुर।** नगर निगम अजाक्स अध्यक्ष के पद पर कर्मचारी नेता अमित मेहरा ने 388 वोट से जीत दर्ज की है। देर शाम चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही निगम परिसर में ढोल-ढमाके गूँजने लगे। इसके बाद विजयी प्रत्याशी के समर्थकों ने जुलूस निकालकर जीत का जश्न मनाया। चुनाव अधिकारी टी आर चौधरी ने बताया कि नगर निगम अजाक्स के अध्यक्ष पद के लिए सुबह 9 से शाम 5 बजे तक 1268 कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सभी प्रत्याशियों के समर्थक नगर निगम मुख्यालय के मुख्य गेट के पास खड़े होकर वोट देने की अपील करते रहे। शाम 5.30 बजे हुई मतगणना में अमित मेहरा को 718, राकेश समुंद्रे को 330, सुरेन्द्र लखेरा को 137 और अमर ग्रांवकर को 55 वोट मिले।



# एसपी ने विवेचकों को बताए ई-विवेचना के फायदे

जबलपुर।

पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने टैब पर ई-विवेचना करने वाले विवेचकों की बैठक लेते हुए इनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने विवेचकों से ई विवेचना हेतु प्रदान किये गये टैब पर कार्य करते समय आने वाली समस्याओं का समाधान किया। पुलिस अधीक्षक ने ई विवेचना के फायदे गिनाते हुए बताया कि टैब पर विवेचक घटनास्थल पर ही डायरीलेखन, घटनास्थल का नक्शा मौका, अपराध से संबोधित वीडियो, फोटो, दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने टैब पर नवंबर 2023 में की गई विवेचना की समीक्षा की। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक शहर श्रीमती प्रियंका शुक्ला, अति. पुलिस अधीक्षक दक्षिण कमल मार्य, अति. पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर/यातायात प्रदीप शेण्डे, अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा व श्रीमती सोनाली दुबे तथा 75 विवेचक मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट ई विवेचना करने वाले सम्मानित

टैब पर ई विवेचना का उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपनिरीक्षक शेष नारायण, उपनिरीक्षक वर्षा सल्लामे, उपनिरीक्षक गणेश तोमर, दिनेश गौतम, अशोक राय व सचिन वर्मा को पुरस्कृत किया गया।

## प्रथम दिवस बंदियों ने सीखा लौंग लतिका बनाना

# केन्द्रीय जेल में बंदियों ने सीखे हलवाई के गुर



**जबलपुर**। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेन्ट जबलपुर तथा केन्द्रीय जेल जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में बंदियों के हितार्थ जारी इंण्डियन स्वीटस, हलवाई व्यवसायिक प्रशिक्षण के षष्ठम् बैच का शुभारम्भ किया गया।

प्रथम दिवस बंदियों ने सीखा " लौंग लतिका " बनाना। माननीय न्यायमूर्ति एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ़ होटल मैनेजमेन्ट जबलपुर एवं केन्द्रीय जेल जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में बंदियों के हितार्थ रोजगारपरक व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत पंचम बैच में 30 दिवसीय प्रशिक्षण केन्द्रीय जेल जबलपुर के प्रांगण में प्रारंभ हुआ एवं प्रशिक्षण के प्रथम दिवस बंदियों ने लौंग लतिका बनाना सीखा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकित 50 बंदियों को 30 दिवस में 30 व्यंजन संबंधी विधाओं का ज्ञान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाकर दक्ष बनाया जायेगा ताकि वे जेल से मुक्त हो कर सुगमता से रोजगार प्राप्त कर सकें। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त बंदियों को प्रशिक्षण उपरांत स्टेट इंस्टिटयूट आफ होटल मैनेजमेन्ट एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र एवं मानदेय का भी भुगतान किया जायेगा। बंदियों को प्रशिक्षण स्टेट इंस्टिटयूट आफ होटल मैनेजमेन्ट जबलपुर से फैक्ल्टी श्री दीपक उप्रेती एवं श्री मयंक चैबे एवं अन्य द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री दविन्दर पाल सिंह सोढ़ी, प्राचार्य, स्टेट इंस्टिटयूट आफ होटल मैनेजमेन्ट, जबलपुर का विशेष सहयोग रहा।

अवगत होंवे कि अध्यक्ष, म.प्र. विधिक सेवा समिति, जबलपुर/ न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर न्यायमूर्ति श्री विवेक अग्रवाल महोदय के निर्देशन में तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में केन्द्रीय जेल जबलपुर में परिरूद्ध दण्डित बंदियों के हितार्थ स्टेट इंस्टिटयूट आफ होटल मैनेजमेन्ट के द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## पार्क में खेल के अन्य संसाधन भी उपलब्धः महापौर

# डुमना नेचर पार्क में बच्चों और पर्यटकों को अब लुभायेगा फन बस



**जबलपुर**। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल द्वारा फन बस का उद्घाटन किया गया। कबाड़ से कमाल की तर्ज पर पुरानी कंडम हो चुकी मेट्रो बस को मोडिफाई करके डुमना नेचर पार्क में बच्चों के खेलने-कूदने के लिए तैयार फन-बस का महापौर, अध्यक्ष और नेताप्रतिपक्ष ने भी आनंद लिया। पार्क के अंदर बच्चों के मनोरंजन के लिए फन बस और फिसल पट्टी आदि आकर्षण का केन्द्र रहेगा। महापौर, अध्यक्ष और नेताप्रतिपक्ष ने भी आज फन बस के साथ-साथ फिसल पट्टी का उठाया लुफ्त उठाया। नगर निगम के डुमना नेचर पार्क में पर्यटकों और बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेकों नवाचार किये गए हैं तथा खेल का भी आनंद उठाने संशाधनों को नए सिरे से विकसित किया गया है। पार्क में कबाड़ से कमाल योजना के अंतर्गत अनुपयोगी मेट्रो बस का मॉडीफाय करके एक फल बस तैयार की गयी और इसके आस पास फिसल पट्टी तथा अन्य संशाधन विकसित किये गए हैं जिसका आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एवं नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल के द्वारा उद्घाटन किया गया और फन बस तथा फिसल पट्टी का आनंद उठाकर पर्यटकों और बच्चों को भी आकर्षित किया।

इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि फन बस, फिसल पट्टी और अन्य विकसित खेल संशाधन डुमना नेचर पार्क में बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है और सभी पार्क में आने जाने वाले लोग इसका लुफ्त उठाने आतुर दिखाई दिये।

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि इसके पूर्व नगर निगम द्वारा अनुपयोगी मेट्रो बसों का इस्तमाल कर नए सिरे से रेनोवेट कर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, पुस्तक बैंक, बर्तन बैंक, थैला बैंक, आदि तैयार कर लोगों को सुविधाएं मुहईया कराई गयी हैं अब वहीं दूसरी ओर कंडम हो चुकी बसों का सदुपयोग करते हुए मोडीफाई करके बच्चों के मनोरंजन के साधन के रूप में तैयार कराई गयी है। उन्होंने कहा कि मनोरंजन के साधन के रूप में तैयार फन बस डुमना में पधारने वाले सैलानियों के लिए समर्पित की गयी, जहाँ पर बच्चे फन बस में बैठकर आनंद और उत्साह का अनुभव करेगें। उन्होंने यह भी बताया कि आगे भी इसी तरह कंडम हो चुकी अनुपयोगी मेट्रो बसों का विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किया जायेगा और आमजनों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जायेगी। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह, कार्यपालन यंत्री एवं डुमना नेचर पार्क के प्रभारी आदित्य शुक्ला, फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पमरे महाप्रबंधक ने सतना रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**जबलपुर**। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने सतना रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों एवं सतना.पन्ना नई रेललाइन परियोजना के कार्यो का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक के साथ मुख्यालय के उच्च अधिकारियों में मुख्य परियोजना प्रबंधकध्गति शक्ति यूनिट जबलपुर सहित मण्डल के इंजीनिरियंग विभाग के अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने सतना रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा कीए स्टेशनों के सरंक्षा सम्बन्धी विकास कार्यो और स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओंए खानपान यूनिटोंए आरक्षण कार्यालयों, बुकिंग कार्यालयों, यात्री प्रतीक्षालयों, प्लेटफॉर्म की सफाई व्यवस्था, प्लेटफॉर्मों एवं सर्कुलेटिंग एरिया का सघन निरीक्षण किया एवं कार्य क्षमता को परखा। इस दौरान उन्होने यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जीएम श्रीमती बंदोपाध्याय अपने निरीक्षण अभियान की शुरुआत में सतना स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर कंकोर्स एरिया में इंजीनियरिंग विभाग के साथ रीडेवलपमेंट एवं स्टेशन के विकास के लिए किए जा रहे कार्य मॉडल ले.आउट का निरीक्षण करते हुए फुट ओवर ब्रिज से होते हुए प्लेटफार्म नंबर दो एवं तीन में पहुंचकर प्लेटफार्म की कैटरिंग यूनिट्स एवं प्लेटफार्म की सफाई व्यवस्था को देखते हुए सीएचआई से बात की। इसके पश्चात जीएम प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित क्रु . लॉबी का निरीक्षण किया एवं पार्सल कार्यालय में टीएमएस पार्सल व्यवस्था का निरीक्षण किया साथ ही बुकिंग कैसे होती है डिलीवरी कैसे होती हैए इसके अलावा ज्वलनशील पदार्थों की बुकिंग में क्या.क्या सुरक्षा देखी जाती है इत्यादि की जानकारी प्राप्त की। साथ ही कार्यालय में रखी जन शिकायत पुस्तिका को भी देखा। सतना स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण भी किया। इसके पश्चात जीएम श्रीमती बंदोपाध्याय ने सतना.पन्ना नई रेललाइन परियोजना के कार्यो का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि नई रेल लाइन परियोजनाओं के निर्माण कार्य को तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी कड़ी में ललितपुर.सिंगरौली कुल 541 किमी की नई रेल परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति बहुत तेजी से चल रहा है। जिसके अंतर्गत ललितपुर.खजुराहो 229 किमी रेलखण्ड के मध्य कार्य पूर्ण कर कमीशन कर लिया गया है। गौरतलब है कि सतना.पन्ना.खजुराहो नई रेललाइन परियोजना का कार्य जो ललितपुर.सिंगरौली नई रेल परियोजना का हिस्सा है। इस निर्माण कार्य में सभी प्रकार के इंजीनिरिंग मापदंडों एवं भौगोलिक सरंचना के अनुसार प्रत्येक गतिविधियों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे के विकास में नई रेल लाइन परियोजनाओं के निर्माण कार्य में पश्चिम मध्य रेल हमेशा अग्रणी रहा है। पमरे सतना.पन्ना नई रेल लाइन परियोजना को तेजी गति से करने हेतु कृतसंकल्पित है।

## मंहगाई भत्ते की एरीयर्स राशि की तृतीय किश्त का हुआ भुगतान

**जबलपुर**। अजाक्स संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष अमित मेहरा एवं नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ और शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी संघ के प्रयासों से अधिकारी एवं कर्मचारियों को 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की एरीयश राशि की तृतीय किश्त का किया गया भुगतान। अजाक्स संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष अमित मेहरा, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अचैया कोरी, महामंत्री गुलशन जबलपुरी एवं शासकीय वाहन चालक यांत्रिक संघ के महामंत्री नरसिंहमलू और संघ के समस्त सदस्यों के द्वारा 25 दिसंबर के त्यौहार को देखते हुये आयुक्त एवं लेखा अधिकारी से संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात करके 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की एरीयश राशि की तृतीय किश्त का भुगतान कराने की माँग प्रस्तुत की। समस्त संघों की माँगां को गंभीरता से लेते हुये निगमायुक्त स्वपनिल वानखड़े ने 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते के एरीयश राशि की तृतीय किश्त प्रदान करने का आदेश जारी कर भुगतान की प्रक्रिया आरंभ करवा दी है। माँग प्रस्तुत करने में उपस्थित अजाक्स संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष अमित मेहरा, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अचैया कोरी, महामंत्री गुलशन जबलपुरी, शासकीय वाहन चालक यांत्रिक संघ के महामंत्री नरसिंहमलू, जगदीश नन्हेट, रामराव मगरदे, एड. जी. दीपक, श्रीनिवास, उमाकांत यादव, महेन्द्र मलिक, ईसा राहुल कोरी, राहुल कोरी सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नगर निगम में दिवंगत के आश्रितों को मिल रही है अनुकम्पा नियुक्ति

**जबलपुर**। 14 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल एवं प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती हेमलता दिनेश सिंगरौल ने प्रदान किये अनुकम्पा नियुक्ति आदेश। महापौर ने सभी आश्रितों को शासकीय नौकरी प्राप्त करने की शुभकामनाएं देते हुये ईमानदारी से परिवार का भरण पोषण करने कहा। महापौर, निगमाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य के हाथों से मिले नियुक्ति पत्र और बुके के उपरांत सभी आश्रितों के चेहरों पर दिखाई दी मुस्कान। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार निगम में कार्यरत शासकीय सेवक के सेवाकाल में निधन होने पर उनके आश्रितों को शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति की नीति के अंतर्गत दो वर्षों की परिवीक्षा अवधि के अधीन सहायक वर्ग-3 के पद पर 7 और सफाई संरक्षक के पद पर 7 अभ्यर्थियों को शर्तो के अधीन अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। इन सभी 14 आश्रितों को महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एवं नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल के द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश एवं बुके प्रदान किये। इस अवसर पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए ईमानदारी से कार्य करने एवं परिवार का भरण पोषण करने कहा। उन्होंने कहा कि परिवार का भरण पोषण एवं देखरेख में कोई कमी नहीं आना चाहिए। महापौर ने यह भी कहा कि जो कार्य निगम में दिया जाये, उन कार्यों को भी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से करें ताकि नागरिकों में एक अच्छा संदेश जा सकें।

इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती हेमलता दिनेश सिंह सिंगरौल, पार्षद जितेन्द्र कटारे (जित्तू), अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी, मनोज श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त रचयिता अवस्थी, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, अजाक्स कर्मचारी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित मेहरा आदि उपस्थित रहे।

## बिना नोटिस ड्रायवर को हटायाः नियुक्ति पत्र सहित अन्य रिकॉर्ड पेश करने निर्देश

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बिना नोटिस ड्रायवर को पद से हटाने के मामले में नियुक्ति पत्र सहित अन्य रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस राज मोहन सिंह की एकलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 3 जनवरी को निर्धारित की है। छिंदवाड़ा के रहने वाले विकास उसरेठे की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता को नायब तहसीलदार कार्यालय में ड्रायवर के पद पर पदस्थ किया गया था। वर्ष 2020 से 2023 तक वह नायब तहसीलदार की गाड़ी चलाता रहा। अधिकारी के तबादले के बाद उसे पदमुक्त कर दिया गया। कलेक्टर कार्यालय में अभ्यावेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता का नाम मस्टर रोल में था। वह अपने कार्य के संबंध में पूरा रिकॉर्ड रखता था। उसे बिना नोटिस या सुनवाई का मौका दिए हटा दिया गया, इसलिए याचिका दायर की गई।



## संजीवनी नगर निवासी मासूम की फिरौती के लिए हत्या पर उम्रकैद

सेशन कोर्ट ने संजीवनी नगर निवासी मासूम की फिरौती के लिए हत्या करने के आरोपित जबलपुर निवासी करण जग्गी व मलय राय का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही छह-छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक हेमलता दहल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपितों ने 15 अक्टूबर, 2020 को मुकेश लांबा के 13 वर्षीय पुत्र आदित्य लांबा का अपरण कर लिया था। इसके बाद फिरौती की मांग की। शिकायत पर संजीवनी नगर पुलिस ने अपराध कायम किया। इसी बीच आरोपितों ने आदित्य की गला दबाकर हत्या करने के बाद शव बिछुआ नहर के किनारे फेंक दिया था। इस मामले की विवेचना उपरांत अभियोग पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर द्वारा प्रकरण को चिन्हित किया गया व पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे तत्कालीन विवेचक निरीक्षक शिव प्रताप सिंह बघेल, थाना प्रभारी ओमती, वर्तमान एसडीओपी जिला पन्ना द्वारा उक्त मामले की सारगर्भित विवेचना की गई। चालान पेश करने के बाद अदालत में विचारण के दौरान पुलिस अधीक्षक जबलपुर के निर्देशन में प्रकरण की सतत मानीटरिंग नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला द्वारा कराई जाकर अदालत द्वारा जारी समंस-वारंट की तामीली समय पर कराई गई। समय पर साक्षियों को अदालत में उपस्थित कराया गया।

## घरेलू हिंसा पर नुक्कड़ नाटक, रैली निकाल दिया जागरूकता का संदेश




**जबलपुर**। आज हम सभी को घरेलू हिंसा विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि हम कैसे महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा को रोकें, इसके लिए कई एनजीओ और कई संगठनों ने भी पहल की, लेकिन अभी यह कार्य यहीं खत्म नहीं होता है, इसके लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाये जाने चाहिए, इसी तारतम्य में फॉग्सी एवं जॉग्स की शाखा जबलपुर, मप्र नर्सिंग होम एसोसियेशन एवं अनंत शैक्षणिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 20 दिसम्बर को अनंत मल्टी स्पेशयलिटी हॉस्पिटल परिसर में अनंत शैक्षणिक संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया एवं एक मैराथन रैली निकालकर जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली में मुख्य रूप से जॉग्स के अध्यक्ष डॉ. माणिक पांसे, सचिव डॉ. दीप्ति गुप्ता, इनर व्हील क्लब मिडटाउन नेक्स्ट के अध्यक्ष डॉ. अबोली पांसे, अनंत आनंदालय के संचालक डॉ. बीके पांसे, अनंत मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल से डॉ. नचिकेत पांसे, डॉ. पारिजात पांसे, सीईओ डॉ. मुकुल नेमा, अनंत शैक्षणिक संस्थान के प्रिंसिपल शिवांगी यादव, टीचर्स आदि की उपस्थिति रही।

## नगर निगम अधिकारी, कर्मचारियों को मिली 4% एरियर्स राशि

**जबलपुर**। अजाक्स संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित मेहरा, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अचैया कोरी, महामंत्री गुलशन जबलपुरी एवं शासकीय वाहन चालक यांत्रिक संघ के महामंत्री नरसिंहमलू और संघ के समस्त सदस्यों द्वारा 25 दिसम्बर के त्यौहार को देखते हुए आयुक्त एवं लेखा अधिकारी से चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता की एरियर्स राशि की तृतीय किश्त भुगतान कराने की मांग की गई। मांगों को गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े ने एरियर्स राशि की तृतीय किश्त प्रदान करने का आदेश जारी कर भुगतान की प्रक्रिया आरंभ करा दी। मांगकर्ताओं में संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, अचैया कोरी, गुलशन जबलपुरी, नरसिंहमलू, जगदीश नन्हेट, रामराव मगरदे, एड. जी. दीपक, श्रीनिवास, उमाकांत यादव, महेन्द्र मलिक, ईशा राहुल कोरी, राहुल कोरी सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 24 को ग्राम वीरनेर में लगेगा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**पनागर**। युवा सेवा संगठन जबलपुर द्वारा दिन रविवार को समय प्रातः 10बजे से 2बजे तक स्थान पंचायत भवन वीरनेर मे विशाल निशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर डॉ पवन स्थापक टीम द्वारा, निशुल्क डेंटल शिविर हितकारणी डेंटल कॉलेज द्वारा, निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर डॉ कुनाल पटले टीम द्वारा, और मेडिसिन से संबंधित रोगियों का इलाज डॉ दीपक वर्मा जी के द्वारा सेवाएं प्रदान की जायगी और इस अवसर पर युवा सेवा संगठन द्वारा समस्त अतिथियों एवं अन्य वरिष्ठ जनों का कक्कड़ भर्ता भोज का आयोजन स्ट्रीट स्नेह स्कूल सरस्वाही मे किया गया है आयोजन समिति के सुमित यादव ने समस्त मरीज आम नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

वरिष्ठ डॉक्टर देंगे अपनी सेवाएं

**श्री अशोक श्रीवास्तव**- हरिभूमि जबलपुर लेखा विभाग में



कार्यरत बचऊ का बाड़ा कांचघर निवासी अभिषेक श्रीवास्तव के पिताजी श्री अशोक श्रीवास्तव का 74 वर्ष की आयु में बुधवार को देहावसान हो गया है। गन कैरिज फैक्टरी से सेवानिवृत श्री अशोक श्रीवास्तव अनूप, अभिषेक व अजीत के पिताजी थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला बाई कोरी**- हाउबाग लोधी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री भगवानदास कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई कोरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पवन कुचबंधिया**- टीआईटी बिल्डंग के पास कुचबंधिया मोहल्ला निवासी श्री समन सिंह कुचबंधिया के पुत्र श्री पवन कुचबंधिया (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रीतम प्रसाद तिवारी**- महाराजपुर जगदम्बा नगर निवासी श्री प्रीतम प्रसाद तिवारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुंजी लाल विश्वकर्मा**- कांचघर दीपक डेयरी के पीछे निवासी श्री कुंजी लाल विश्वकर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उमेश विनोदिया**- कवर्धा हाउस पुल नं. 2 के निकट निवासी श्री उमेश विनोदिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गिरजा बाई धामन**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री जमना प्रसाद धामन की धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा बाई धामन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शशिकांत पटेल**- बापू नगर रांझी निवासी श्री शशिकांत पटेल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री राजकुमार पटेल**- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री राजकुमार पटेल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चांदमल महावर**- पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री चांदमल महावर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला यादव**- उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री चक्र सुदर्शन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेमलाल ठाकुर**- शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री प्रेमलाल ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी बाई कुंवर**- झामनदास चौक के पास सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री काशी प्रसाद कुंवर की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बाई कुंवर (74) का निधन हो गया।




अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सविता पटेल**- राजुल रेसीडेंसी नर्मदा रोड निवासी श्री रघुवर सिंह पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती सविता पटेल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप कुमार कोरी**- ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री दिलीप कुमार कोरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कुसुम मिश्रा**- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री गोपाल प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम मिश्रा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गेंदा बाई चौधरी**- सिंधी कैंप राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री राम सेवक चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गेंदा बाई चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रक्षा रघुवंशी**- गंगासागर गढ़ा रोड निवासी श्री कमल बारी की धर्मपत्नी श्रीमती रक्षा रघुवंशी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती एकता ठाकुर**- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राजाराम ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती एकता ठाकुर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई साहू**- लेबर चौक कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड निवासी श्री राकेश साहू की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई साहू (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# कांग्रेस की बाबा साहेब में आस्था नहीं, भाजपा की उनके प्रति आस्था है और हमेशा रहेगी



## विधायक रामेश्वर ने कहा-डॉ. आंबेडकर व गांधीजी करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं

## 16वीं विधानसभा की शुरुआत में सदन के अंदर एक बड़ा बदलाव हुआ

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सरकार को घेरा

## पंडित नेहरू का चित्र हटाना निंदनीयः नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मप्र की 16वीं विधानसभा की शुरुआत में सोमवार को सदन के अंदर एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। आसंदी के पीछे लगी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर को हटा दिया गया। उनके स्थान पर यहां संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर को लगा दिया गया। बताया जा रहा है कि नेहरू की यह फोटो नई विधानसभा की शुरुआत से यहां लगाई गई थी।

हालांकि प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने खुद का वचाव करते हुए साफ किया कि उन्होंने कोई बदलाव नहीं किया है। यह उनके पहले से लगा हुआ था। तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष इस बारे में जानकारी दे सकते हैं। इस बदलाव पर सदन में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, 'डॉ. आंबेडकर के बाद ये गोडसे के फोटो लगाएंगे। नेहरू जी का फोटो हटाना महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण ये है कि उनके विचार खत्म करने का प्रयास है।

### कमलनाथ बोले- भाजपा ने छोटी मानसिकता का परिचय दिया

*कमलनाथ से एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- विधानसभा से पं. जवाहरलाल नेहरू का चित्र हटाया जाना अत्यंत निंदनीय है। मैं विधानसभा में संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर का चित्र लगाने का स्वागत करता हूं। बाबा साहब के चित्र को विधानसभा में सम्मानित स्थान पर लगाया जा सकता था, लेकिन जान बूझकर पं. नेहरू का चित्र हटाया गया। नेहरू की तस्वीर हटाकर अपनी छोटी मानसिकता का परिचय देती।*



### बाबा साहेब का फोटो पहले ही लग जाना थाः कृष्णा गौर

*भाजपा विधायक कृष्णा गौर ने कहा कि बाबा साहब का फोटो बहुत पहले लग जाना चाहिए था। कांग्रेस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को स्थान नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब को उनका स्थान दे रही है। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ भ्रम फैलाना है। कांग्रेस डॉ. भीमराव आंबेडकर का सम्मान नहीं करती है।*

### हम स्वागत करते हैंः रावत


कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत ने कहा कि आंबेडकर की तस्वीर लगाई जाने का हम स्वागत करते हैं। लेकिन पंडित नेहरू की तस्वीर हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा, 'यह ओछी मानसिकता है। प्रोटेम स्पीकर और मुख्यमंत्री से मांग की जाएगी। महात्मा गांधी, नेहरू जी, आंबेडकर जी किसी का अपमान नहीं होना चाहिए।'

### बाबा साहेब संविधान निर्माता हैः शर्मा



भाजपा ने कांग्रेस के बयानों पर पलटवार किया है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र भारत के संविधान का चित्र है। संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर हैं कि नहीं। बाबा आंबेडकर के प्रति कांग्रेस की आस्था और विश्वास है कि नहीं? आंबेडकर करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं, संविधान निर्माता हैं। संविधान निर्माता का फोटो विधानसभा में होना चाहिए या नहीं? कांग्रेस क्या बाबा साहेब आंबेडकर में गोडसे देखती है? गांधी जी, बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति हमारी आस्था है और रहेगी।

### आज होगा विधानसभा के अध्यक्ष का चुनाव, भाजपा के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र सिंह तोमर का अध्यक्ष बनना तय



*भोपाल। मप्र की 16वीं विधानसभा के अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को सुबह 11 बजे से होगा। भाजपा की तरफ से वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर ने नामांकन भरा है। उनका निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय हो गया है। कांग्रेस ने जरूर भाजपा से उपाध्यक्ष का पद कांग्रेस को देने की अपील की है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि उन्होंने परंपरा अनुसार भाजपा से उपाध्यक्ष का पद देने को कहा है। उधर, सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को बाकी बचे 22 में से 13 सदस्यों ने शपथ व प्रतिज्ञान लिया। प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने सदन की कार्यवाही बुधवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।*

#### दी गई श्रद्धांजलि

*सदन में पूर्व सदस्य सरताज सिंह समेत कुल 8 सदस्यों के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रोटेम स्पीकर भार्गव ने आठों सदस्यों का उल्लेख किया।*

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 25 हजार श्रमिक परिवारों के हित में लिया महत्वपूर्ण निर्णय

# 20 साल से लंबित था भुगतान, हुकुमचंद मिल के मजदूरों को मिलेंगे 464 करोड़ रु.



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हुकुमचंद मिल इंदौर के मजदूरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने मजदूरों को मिलने वाली 464 करोड़ रूपए की बकाया राशि से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर कर अपनी स्वीकृति प्रदान की। इससे 25 हजार श्रमिक परिवारों के सदस्यों को राहत मिलेगी। श्रमिकों का यह भुगतान 20 वर्षों से लंबित था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा स्थित समिति कक्ष में नगरीय विकास एवं आवास विकास विभाग की समीक्षा बैठक के बाद इस फाइल पर हस्ताक्षर किए।

**खास बातें**

- सीएम ने फाइल पर हस्ताक्षर कर अपनी स्वीकृति प्रदान की
- नगरीय विकास एवं आवास विकास विभाग की समीक्षा बैठक की

## सीएम ने पांढुर्ना से शुरू किया जनसंवाद बोले- समस्याओं का करेंगे समाधान

### हम मध्य प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे

### सीएम बोले- प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंगलवार से एक नया कार्यक्रम जनसंवाद शुरू हुआ है। जनसंवाद का पहला कार्यक्रम पांढुर्ना जिले से शुरू हुआ। विधानसभा चुनाव के कुछ समय पहले छिंदवाड़ा जिले को दो भागों में बांटकर नया जिला पांढुर्ना बनाया गया है। मुख्यमंत्री यादव का यह पहला कार्यक्रम है। हालांकि मतगणना के बाद भारी बहुमत के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपना पहला कार्यक्रम इसी छिंदवाड़ा जिले से शुरू किया था।

अब मुख्यमंत्री यादव का मुख्य फोकस हर हाल में इस जिले में पैठ बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने स्थानीय मंदिर में पुष्प



अर्पण कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार आप सभी के बीच संवाद करने आया हूं। यह सिर्फ एक शुरुआत है, मैं लगातार आपके बीच जाकर संवाद करता रहूंगा। संवाद के इस सिलसिले को जनसंवाद का नाम दिया गया है। जनता से बात करके, जनता की कठिनाइयों को समझकर हर समस्या का उचित समाधान किया जाएगा।

### नए जिले की स्थानीय परेशानियों को दूर करना दायित्व

*मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता है। इस नाते आप सभी के बीच लगातार आता रहूंगा। आप सभी से बात कर आपकी समस्याओं का निराकरण करूंगा। जो छोटे, नवीन और पिछड़े जिले हैं, उनकी क्षेत्रानुसार स्थानीय कठिनाइयां हैं। इन कठिनाइयों को मौके पर जाकर समझना और समाधान करना जरूरी है। जिला बनने के बाद जिले की स्थानीय परेशानियों को दूर कर उसका विकास करना राज्य शासन का दायित्व है।*

### स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 24 घंटे रहती हूं अलर्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्थानीय आशा कार्यकर्ता नर्मदा काकड़े ने बताया कि जन समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए वह चौबीस घंटे तत्पर रहती हैं। मुख्यमंत्री ने श्रीमती काकड़े की सेवा भावना की सराहना की और उन्हें निरंतर जनता के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्व मंत्री नाना भाऊ माहोड़ आदि मौजूद थे।

### पीएम ने प्राकृतिक खेती को किया प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने पांढुर्ना के पाथई और कोडिया ग्राम के निवासियों से संवाद किया। ग्राम पाथई के कृषक राहुल कुमार से संवाद करते सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए सभी कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया है। प्राकृतिक खेती से खेती की लागत में कमी आती है। जमीन की उर्वरता बनी रहती है। कृषक राहुल ने बताया कि उनकी 10 एकड़ जमीन है। जिसमें वो पूरी तरह प्राकृतिक खेती करते हैं।

### कर्तव्यों के पालन के साथ रहें जनता के प्रति संवेदनशील

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय अमले का कर्तव्य है कि मुस्तैदी से अपना कार्य करें। जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपने कर्तव्यों के पालन के साथ ही जनता के प्रति संवेदनशील रहें। जनता के हित में लगातार कार्य करते रहें।

---

केंद्रीय गृह मंत्रालय से स्वीकृति, आईपीएस के थोकबंद प्रमोशन

# आईजी सूरी और गुप्ता बनेंगे एडीजी, 13 डीआईजी से आईजी व 18 एसपी डीआईजी पद पर होंगे प्रमोट

साल 2010 बैच के आईपीएस हेमंत चौहान और आबिद खान भी बनेंगे डीआईजी

राज्य सरकार की डीसीपी के बाद गृह विभाग जल्द जारी करेगा आदेश





हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्य प्रदेश में थोकबंद आईपीएस अफसरों का प्रमोशन होने जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने डीपीसी की सूची पर सहमति दे दी है। इसके साथ ही गृह विभाग को निर्देश दिए हैं कि कड़ाई से प्रमोशन में पालन किया जाएगा। साल 1999 बैच की आईजी दीपक सूरी और राकेश गुप्ता एडीजी बनेंगे।

इसके साथ ही 13 डीआईजी भी आईजी के पद पर प्रमोट किए जाएंगे। साल 2010 बैच के आईपीएस हेमंत चौहान और आबिद खान भी डीआईजी बनाए जाएंगे। अफसरों के प्रमोशन के बाद उन्हें फील्ड पर भेजने के लिए गृह विभाग आदेश जारी करेगा। इससे पहले दो-चार दिनों के भीतर से प्रमोशन का आदेश जारी किया जाएगा। तत्कालीन मुख्य सचिव इकलाब सिंह बैंस और डीजीपी सुधीर सक्सेना ने अफसरों के प्रमोशन के लिए डीपीसी की बैठक की थी। इस बैठक में 33 अफसरों के प्रमोशन पर फैसला किया गया है। हालांकि कुछ अफसर अभी डेपुटेशन पर हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें प्रोफार्मा प्रमोशन दिया जाएगा।

साल 1999 बैच के अफसर के निरंजन व्यांगनकर के प्रमोशन में विभागीय जांच का पेंच है। इस लिहाज से वो प्रमोशन के दायरे से बाहर हैं। साल 2006 बैच के आकाश जिंदल पिछले कई सालों के दिल्ली में डेपुटेशन पर हैं। इसी बैच टी आमोंग्ला अय्यर भी डेपुटेशन पर हैं। दोनों ही अफसरों को प्रोफार्मा प्रमोशन दिया जाएगा।

### इनका होगा डीआईजी के लिए प्रमोशन

साल 2009 बैच के कई अफसरों का डीआईजी के लिए प्रमोशन हो चुका है। इस बैच के साकेत प्रसाद पांडे, अमित सांघी, टीके विद्यार्थी, एसके शुक्ला, वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रशांत खरे, अतुल सिंह, मनीष कुमार अग्रवाल, आबिद खान, सिद्धार्थ बहुगुणा, आशुतोष प्रताप सिंह, मोहम्मद यूसुफ कुरैशी, निमिश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राकेश कुमार सिंह, विनीत कपूर, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया और हेमंत चौहान डीआईजी बनेंगे। हालांकि 18 अफसरों के प्रमोशन से गौरव तिवारी और डीके चक्रवर्ती बाहर रहेंगे। उन्हें प्रोफार्मा प्रमोशन दिया जाएगा।

### साल 2006 बैच के अफसर बनेंगे आईजी

साल 2006 बैच की रुचि श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सोलंकी, चैत्रा एन, अनिल कुशवाह, आरआरएस परिहार, आरके हिंगनकर, अंशुमान सिंह, मनीष कपूरिया, अरविंद कुमार सक्सेना, विनीत खन्ना, हिमानी खन्ना, मिशलेश कुमार शुक्ला और अनुराग शर्मा को आईजी बनाया जाएगा। हालांकि आईजी के प्रमोशन के लिए 15 पदों पर स्वीकृति दी गई है, लेकिन दो अफसर डेपुटेशन पर हैं। इसलिए 13 अफसरों का प्रमोशन होगा।

---

अब सरकारी विभाग जरूरी सामान ही खरीद पाएंगे

# छग में अब अटके प्रोजेक्ट पर फिर से लेनी होगी वित्त विभाग से अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

राज्य सरकार अपनी नई पॉलिसी के तहत प्रदेश में सरकारी खर्च कम कर रही है। इसे लेकर बुधवार को दो आदेश जारी किए गए हैं। पहल आदेश है वित्त विभाग का। इसमें सभी सरकारी डिपार्टमेंट खर्च कम करने का निर्देश है। वित्त विभाग ने बड़े प्रोजेक्ट्स के फंड पर फिर अप्रूवल लेने कहा गया है। वहीं डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड्स पर भी रोक लगा दी गई है। आदेश में कहा गया है डीएमएफ के पैसों से होने वाले काम जो अब तक शुरू नहीं हुए हैं उनकी फिर से मंजूरी लेनी होगी, मंजूरी लेने के लिए डीएमएफ परिषद नए सिरे से बनाई जाएगी। आदेश संयुक्त सचिव अतीश पांडे की ओर से जारी किया गया है। यह कहा गया है कि राज्य शासन ने सरकारी खर्चे में मित्तव्ययता (खर्च में कमी) बरतने के संबंध में निर्देश दिए हैं।

---

फिर हो सकती है भाजपा में वापसी

# 8 महीने बाद ही नंदकुमार साय ने छोड़ी कांग्रेस, दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीनियर आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने बुधवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 8 माह पहले ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन की थी। तब भाजपा पर अनदेखी का आरोप लगाया था। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। कहा जा रहा है कि इसके बाद साय ने पार्टी छोड़ने का मन बनाया।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद साय तब सीएम रहे भूपेश बघेल के साथ कई कार्यक्रम में दिखते थे। उन्हें सीएसआईडीसी में अध्यक्ष का पद दिया गया था। अब खबर है कि भाजपा के नेता साय से संपर्क में हैं। चर्चा है कि नंदकुमार साय से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि साय के इस्तीफे से कांग्रेसी नेता भी अनजान थे।



### साय ने भाजपा पर लगाए थे ये आरोप

1 मई 2023 को नंदकुमार साय ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने तब भाजपा से दिए इस्तीफे में लिखा था- मुझ पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। मेरी गरिमा को लगातार ठेस पहुंचाई जा रही है, जिससे मैं आहत महसूस कर रहा हूं। बहुत गहराई से विचार करने के बाद मैंने भाजपा में अपने सभी पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है।

## एम्बुलेंस में मरीज नहीं, लेकर जा रहा था 364 किलो गांजा

**रायपुर।** बॉलीवुड फिल्मों में गैंगस्टर एंबुलेंस में अपने स्मगलिंग के समान को एम्बुलेंस के जरिए स्मगल करते दिखते हैं। ऐसी ही ट्रिक रायपुर में रियल लाइफ में अजमाई जा रही थी। तस्करों ने एंबुलेंस में एक दो नहीं बल्कि 300 किलो से अधिक गांजा भर रखा था और बड़े आराम से इसकी डिलिवरी करने जा रहे थे, मगर अब पुलिस के हत्थे चढ़ गए। ओडिशा से 4 बदमाशों का ग्रुप कई सौ किमी का सफर एंबुलेंस में ही तय कर रायपुर पहुंचा। रास्ते में एम्बुलेंस का सायरन बजाते हुए चल रहे थे, राहगीरों को लग रहा था कि एंबुलेंस में मरीज होगा सभी रास्ता दे रहे थे। मगर यह खेल ज्यादा देर चल नहीं पाया रायपुर पुलिस इसकी भनक लगी और ये पकड़े गए। आजाद चौक इलाके के सीएसपी मयंक गुर्जर ने बताया कि हमें अधिकारियों से ऐसे मामलों के खिलाफ जांच के निर्देश मिले थे। एम्बुलेंस डूमर तालाब चाणक्य स्कूल टर्निंग पॉइंट के पार्क की गई थी। यहां मुखबीर से एंबुलेंस में कुछ संदिग्ध होने की जानकारी मिली।

---

खंडवा के नवचंडी धाम में जुटे समाज के 25 हजार से ज्यादा लोग

सोशल मीडिया के जरिए कार्यक्रम से जुड़े 4 लाख से अधिक परिवार

# ब्राह्मण समाज परिचय सम्मेलन में 2000 से अधिक युवक-युवतियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏩ खंडवा

विश्व ब्राह्मण समाज संघ और सर्व ब्राह्मण समाज खंडवा के तत्वाधान में तीन दिवसीय ब्राह्मण युवक की युवती परिचय सम्मेलन का समापन बीते रोज को खंडवा के नवचंडी धाम पर हुआ, दौरान रिकार्ड 25000 से ज्यादा विप्र परिवार शामिल हुए वहीं 2000 से ज्यादा प्रतिभाओं ने मंच के माध्यम से अपने जीवनसाथी चुनने के लिए परिचय दिया तो फेसबुक ट्विटर और सोशल मीडिया के माध्यम से चार लाख से ज्यादा परिवार का अप्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम मे सहभागिता की।

विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयोजक पंडित योगेंद्र महंत, विश्व ब्राह्मण समाज सन्घ राष्ट्रीय महासचिव पंडित देवेंद्र शास्त्री ने बताया कि आयोजन अपार सफलता रही इस दौरान सोमवार को समापन अवसर पर महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, रामचरितमानस के अंतरराष्ट्रीय वक्ता शांतनु सुलभ एवं अनिल आनंद महाराज के सानिध्य में साधु महात्माओं ने आशीर्वचन दिए। सोमवार को कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भगवान परशुराम के सम्मुख दीप प्रज्वलन मे श्रीनाथ नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी बृजेश नगर, मध्य प्रदेश परशुराम महासभा से गोविंद शास्त्री, विश्व ब्राह्मण समाज संघ की राष्ट्रीय संयोजिकाश्रीमती सावित्री अग्रावत, विश्व ब्राह्मण संघ की राष्ट्रीय समन्वयक अर्पण जोशी संजय मिश्रा, गणेश शास्त्री, मिरा व्यास टीवी कलाकार अमित महोदय, पवन मिश्रा पंडित योगेंद्र महंत एवं पंडित देवेंद्र शास्त्री आदि ने किया।



### निमाड़ के गौरव गणगौर नृत्य एवं गायन

स्वस्तिवाचन पंडित पंकज शर्मा नरेंद्र शर्मा शरद सोहनी आदि ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निमाड़ के गौरव गणगौर नृत्य एवं गायन सुनीता जोशी गणगौर ग्रुप के द्वारा दिया। तीन दिवस की ब्राह्मण युवक की युति परिचय सम्मेलन में मंच से 2000 से ज्यादा प्रतिभाओं ने अपना परिचय दिया 3 दिन में 500 से ज्यादा रिश्तों पर चर्चा हुई 50 से ज्यादा रिश्ते भी हुए। किसी परिचय सम्मेलन में ऑनलाइन और सोशल मीडिया के माध्यम से 12500 से ज्यादा ब्राह्मण युवक की यूतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी जिस पर एक बहुरंगी परिचय पुस्तिका का प्रकाशन किया गया संचालन निधि त्रिवेदी रचना तिवारी सुभाष केशोरे कैलाश शर्मा ने किया।

### देश-विदेश की 50 विभूतियों को ब्राह्मण गौरव और ब्राह्मण रत्न

देश विदेश में ब्राह्मण समाज के गौरव के रूप में सामाजिक धर्म संस्कार की ध्वजा पता का फहराने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख रूप से श्रीमती चित्रा शर्मा श्रीमती अर्पणा जोशी, राजेंद्र शास्त्री , अशोक चतुर्वेदी सुरेश पाठक आदि 50 के करीब हस्तियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं शाल श्रीफल के साथ किया।

# डेयरी संचालकों ने मचाई लूट, आमजन परेशान

# शहर में बिक रहा 70 रूपये लीटर दूध



जबलपुर।

माह जून 2023 में शहर के डेरी वालों की मनमानी से रू. 62/- रूपये लीटर से रू. 66/- रूपये दूध विक्रय किया जा रहा था। दिनांक 07/जून/2023 को इस संबंध में आपका ध्यान आकर्षित कराये जाने के पश्चात 8 जून 2023 को आपके द्वारा डेरी वालों की मनमानी पर अंकुश लगाते हुये रु. 66/- रूपये लीटर दूध के दाम तय किये गये पुनः 5 माह पश्चात मनमाने ढंग से दूध के दाम रू. 68/- रूपये प्रति लीटर से 70/- रूपये प्रतिलीटर दिनांक 05/12/2023 से निर्धारित कर दिये गये। और उसका विकय भी मनमाने ढंग से किया जा रहा है। जबकि इस बीच न तो डीजल, पेट्रोल के दाम बढे ना ही खाद्य सामग्री में किसी भी प्रकार की बढ़ोत्तरी की गई। तब डेयरी वालों के द्वारा बिना जिला प्रशासन के स्वीकृति प्राप्ति आप्रत्साहित ढंग से वृद्धि कर ली गई। जो कि किसी भी रूप में न्याय संगत नहीं है। अतः इस प्रकार की मनमानी पर तत्काल रोक लगाते हुये शहर के उपभोक्ताओं के हित में बढ़ी मूल्य वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापिस कराने की कृपा करें ताकि शहर के नागरिकों को उचित दर पर दूध उपलब्ध हो सकें। साथ ही यह भी अनुरोध है कि यह भी सुनिश्चित किया जाये कि दूध एवं दूध से निर्मित सामग्री गुणवत्ता युक्त उपभोक्ता को मिले एवं समय समय पर डेरी वालों के द्वारा विक्रित सामग्री की जांच भी कराई जाये।



# ठंड के चलते विद्यालयों में अवकाश घोषित किए जाएं

**कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा**

जबलपुर।

बाल कांग्रेस पदाधिकारियों ने बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए जबलपुर जिले की सीमा क्षेत्र में स्थित सभी विद्यालयों में प्ले ग्रुप से 8 वीं कक्षा तक अवकाश घोषित किए जाने की मांग संबंध के जबलपुर कलेक्टर के नाम तहसीलदार जय सिंह धुर्वे को सौंपा, बाल कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शिशांत सिंह ठाकुर ने बताया की जबलपुर कलेक्टर ने 19 दिसंबर को आदेश जारी कर कक्षा 1से लेकर 12 वी तक समस्त विद्यालयों में सुबह 8:30 के बाद शुरू किए जाएं परंतु जबलपुर में लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है जिसके कारण सुबह पाली में लग रहे स्कूलों अध्ययनरत छात्रों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और खांसी जुकाम जैसी बीमारियां उन्हें जकड़ रही है, जबलपुर कलेक्टर महोदय के नाम तहसीलदार जय सिंह धुर्वे जी को ज्ञापन सोपा है और उनसे यह मांग की जबलपुर में स्थित सभी विद्यालयों में प्ले ग्रुप नर्सरी से कक्षा 8वीं तक अवकाश घोषित किया जाए, ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रिंस सलूजा,आशुतोष सोधा,मोहित सुहेले,विवेक मेवारी,मोहम्मद मोहम्मद शाहबाज,दक्ष पांडे,जीशान यश कुचबंदिया,मोहम्मद ओवैस व लक्की सुहेले आदि मौजूद रहे।



## कछियाना दशमुखी माता महाकाली मंदिर में महाआरती संपन्न

**जबलपुर।** प्रत्येक मंगलवार की तरह जबलपुर कछियाना स्थित 10 मुखी माता महाकाली मंदिर में माता जी की महाआरती एवं हनुमान चालीसा महंत योगी राजेश महाराज जी के द्वारा संपन्न हुई जिसमें नगर के कई संत महात्माओं का आगमन हुआ महंत श्री राजाराम महाराज जी, श्री महंत कालिका नंद जी, श्री सिद्ध कुंड से महंत राजेश्वरानंद महाराज, महंत मनीष दास, श्री लक्ष्मी नारायण महाराज जी विकास महाराज जी, डॉक्टर अरुण मिश्रा जी, पंडित उत्तम कुमार पांडे जी, कुलदीप भोले शुक्ला, राजेश सेन, संदीप सरंगे, लक्ष्मी नारायण गौरी महाराज, पंडित अमित त्रिपाठी, राठौर, पुष्पेंद्र एडवोकेट, अमृता अग्रवाल, सत्यम यादव आदि अनेकों भक्तों की उपस्थिति रही। महाआरती प्रत्येक मंगलवार को निरंतर होगी। सभी गणमान्य नागरिकों एवं भक्तों से उपस्थित होने की अपील की है।

# संत अलायसियस महाविद्यालय में पदक वितरण समारोह आयोजित




जबलपुर।

"प्रिय विद्यार्थियों आपने शिक्षा के इस लम्बे सफर में जो ज्ञान, जीवन मूल्य और विविध क्षेत्रों में कौशल को अर्जित किया है, अब उसका समाज एवं राष्ट्र के हित में सदुपयोग करने का समय आ गया है। अतः सदैव अपने व्यक्तित्व को विकसित कर निखारते हुए अपने राष्ट्र का भी विकास करें।" उक्त विचार समारोह के मुख्य अतिथि आर्चबिशप लियोपोल्डो जिरेली (वेटिकन राजपूत भारत एवं नेपाल) ने व्यक्त किए। संत अलायसियस स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा सत्र 2021-22 हेतु पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत एवं अतिथियों के स्वागत द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. फा. वलन अरासू ने अपने संदेश में कहा कि महाविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण करना, उनका सर्वांगीण विकास करना है। इसके लिए महाविद्यालय सतत प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रद्धेय बिशप जेराल्ड अल्मेडा का आशीर्वचन इस प्रकार था- विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम के फलस्वरूप उन्हें यह पदक और पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है, आशा है भविष्य में भी वे इसी प्रकार से विविध क्षेत्रों में परचम लहराएंगे। स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र वितरण के उपरांत विजेता विद्यार्थियों के चेहरे हर्ष और उत्साह से भर गए।

उल्लेखनीय है कि बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कु. अदिति जैन एवं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा सितपाल ने सर्वाधिक पांच-पांच स्वर्ण पदक प्राप्त किए। कार्यक्रम के दौरान दो पुस्तकों- न्यू पर्सपेक्टिव ऑन खुशवंत सिंह (संपादक डॉ. फा. वलन अरासू, डॉ. नीलांजना पाठक, डॉ. निहारिका सिंह, सुश्री शनैला कुबिंस) एवं पायथोगोरस एण्ड हिस ट्रायएंगल्स (संपादक डॉ. मीता दरबारी) का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन आदया नायक एवं शरद जायसवाल तथा धन्यवाद ज्ञापन अंबिया खानम ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप प्राचार्यगण डॉ. कल्लोल दास एवं डॉ. अंजली डिसूजा कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नीलांजना पाठक, डॉ. रूपाली अहलुवालिया, डॉ. रीता चौहान, डॉ. रश्म पतरस तथा डॉ. प्रिया साहनी का विशेष योगदान रहा।




## गांव के गरीब बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरित किए

जबलपुर। आषाढी कार्तिकी वारी मंडल द्वारा नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत विगत दिवस ग्राम घोघरा में गरीब बच्चों को लगभग डेढ़ सौ बच्चों को नए स्वेटर और ऊनी वस्त्र प्रदान किये गए। वारी महामंडल हर वर्ष किसी ने किसी रूप में इन ग्रामीणों को सहायता के तहत सामग्री वितरित करता है, इस अवसर पर संतोष गोडबोले, रंजन वर्तक, हेमंत पोहरकर, स्वाति गोडबोले, सदानंद गोडबोले, श्रीकांत बापट और किशोर कलमकार उपस्थित थे।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों का निराकरण शीघ्र किया जाए

**मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन की मांग**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेष के लाखों कर्मचारियों की समस्याओं और लंबित मांगो के निराकरण हेतु मुख्य मंत्री महोद्य को पत्र लिखकर संगठन के माध्यम से अवगत कराया गया जिससे कर्मचारियों की 20 सूत्रीय मांगो का निराकरण अतिशीघ्र शासन द्वारा किया जा सके। क्योंकि अभी तक देखा जा रहा है कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के मामले में मौन है जिससे कर्मचारियों की समस्याओ का अम्बार लगता जा रहा है यही वजह है कि प्रदेश के लाखों कर्मचारियों मे रोष बना हुआ है साथ ही वे हैरान, परेषान, हताश और हलाकान हैं कि आखिर कब होगा उनकी समस्याओं का निराकरण। संघ ने आगे बताया कि प्रदेष के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंषन बहाल की जाए जिससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात जीवकोपार्जन हेतु बुड़ापे का सहारा पेंषन के रूप मे मिल सके। प्रदेष के समस्त विभागों के स्टेनोग्राफरों का वेतनमान एकसमान कर 3600/ ग्रेड पे के आधार पर वेतन दिया जाए। संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए क्योंकि वे सभी कार्य नियमित कर्मचारियों की भांती कर रहे हैं अतः उन्हे समान कार्य हेतु समान वेतन और अधिकार दिये जांए। अतिथि षिक्षकों एवं अतिथि विद्वानों को नियमित किया जाए। लिपिकों की वेतन विसंगति अतिषीघ्र दूर की जाए। प्रदेष के शासकीय सेवकों को 4स्तरीय, 8 वर्ष, 16वर्ष, 24वर्ष, एवं 30 वर्ष समयमान वेतनमान दिया जाए। उच्च पद प्रभार देने की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण की जाए। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, राकेष श्रीवास, दिनेष गौड़, हेमंत ठाकरे, ओम प्रकाष झारिया, अफरोज़ खान, सुधीर अवधिया, एनोस विक्टर, अजय मिश्रा, सतीष त्रिपाठी, राजकुमार यादव, योगेष ठाकरे, गुडविन चाल्स, उमेष ठाकुर, सुनील झारिया, क्रिस्टोफर नरोन्हा, रऊफ खान, सुधीर पावेल, विरेन्द्र श्रीवास, फिलिप अन्थोनी, विनोद सिंह, सुनील स्टीफन, आषीष विष्वकर्मा, गोपीषाह, वसुमुद्दीन, डेलन सिंह, आकाश भील, विशाल सिह ठाकुर, नितिन तिवारी, कमलेश दुबे, ईमरत सेन, भागीरथ सेन आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों की समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण किया जाए।



## क्लीन टॉयलेट कैंपेन की सफलता को परखने किया शौचालयों का निरीक्षण

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत क्लीन टॉयलेट्स कैम्पेन के तहत आज जोन - 11 वॉर्ड 66, 67,और 43 नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम एवं दिव्या ज्योति स्व सहायता समूह द्वारा निकाय में शौचालय का निरिक्षण किया गया, जिसमे शौचालय को सभी मापदंडो में देखा गया एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिचित करायी गयी, जिससे नागरिक (सुविधा घर) का उपयोग कर सकें इसके लिए जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें नगर निगम सुपरवाइजर घनश्याम जी विनोद ज़ी, विजय जी एवं ओम साई विजन से सुपरवाइजर लखन लाल जी, अनीता पवार,एवं दीपक दुबे की उपस्थिति में क्लीन टॉयलेट्स कैंपेन अभियान संपन्न हुआ।

# सम्प्रेक्षण गृह के बच्चों में योग शिविर से आया सकारात्मक परिवर्तन




जबलपुर।

बालकों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु सम्प्रेक्षण गृह जबलपुर में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड मंजू सिंह द्वारा किए गए प्रयासों एवं मार्गदर्शन से आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर 17 से 19 दिसम्बर तक आयोजित किया गया, योग प्रशिक्षक अनुज श्रीवास्तव द्वारा सूर्य नमस्कार एवं सुदर्शन क्रिया आदि कराया गया जिससे संस्था में निवासरत समस्त बालक लाभान्वित हुए तथा बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। योग शिविर के आयोजन में सचिव जिला विधि के सेवा प्राधिकरण जिला जबलपुर उमाशंकर अग्रवाल एवं सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सुश्री नीतू पांडे एवं रितु शर्मा अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह जबलपुर माधुरी रजक के विशेष सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थागत कर्मचारी अरुण बढोलिया, हमीद खान, अनुज शर्मा एवं सुरेश अहिरवाल उपस्थित रहे।

## किया बालाजी ऐडेवल पारले-जी इकाई का औद्योगिक भ्रमण

**जबलपुर।** जबलपुर कॉलेज ऑफ कम्प्यूटर्स एण्ड कम्युनिकेशन के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने बालाजी ऐडेवल प्रा.लि. पारले-जी औद्योगिक इकाई का भ्रमण किया, जिसमें इकाई रमण प्रभारी अनिल सिंह राजपूत द्वारा छात्र-छात्राओं को इकाई का भ्रमण कराते हुए उत्पादन प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया गया साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए उत्पादन से संबंधित प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य पवन माहुरे के मार्गदर्शन व विभाग के सहा. प्राध्यापक शिल्पी शर्मा, हर्षित सक्सेना, साक्षी विश्वकर्मा, सौमित्र चक्रवर्ती एवं पलक मेशराम के निर्देशन में हुआ।



# किसानों के साथ कलेक्ट्रेट एवं एसपी को सौंपा ज्ञापन

## जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू सैकड़ों किसानों के साथ पहुंचे



जबलपुर।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे बरगी जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू बंटी अपने क्षेत्र के सैकड़ो लोगों को लेकर पहुंचे ज्ञापन देने जिन्होंने ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि जिस प्रकार से शारदा मंदिर रीछाई थाना बरेला एवं आसपास की सभी ग्राम पंचायत में लगातार मंडला से आ रहे 24 घंटे में कम से कम 100 हाईवा ओवरलोड गाड़ियों की वजह से दिन पर दिन रोड की स्थिति खराब होती जा रही है जिसकी शिकायत हमारे द्वारा कई बार अधिकारी कर्मचारी को दी गई पर परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया एवं संज्ञान में नहीं लिया इस प्रकार से रामेश्वर साहू ने बताया कि जबलपुर जनपद के अंतर्गत पडवार सेक्टर एवं बरेला सेक्टर के सभी केंद्रों में क्षेत्र के सभी किसानों से एक कुंटल धान में 5 किलो एक्स्ट्रा धान एवं 100 रुपये तुलाई के नाम पर अवैध वसूली केंद्र के प्रभारी एवं एजेंटों द्वारा की जा रही है जिसको लेकर रामेश्वर साहू ने जिला कलेक्टर में ज्ञापन देकर इन दोनों मांगों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की अन्यथा किसानों एवं ग्रामीण जनों के साथ आंदोलन एवं हड़ताल की चेतावनी दी है रामेश्वर साहू के साथ सैकड़ो की तादाद में ग्रामवासीय एवं किसान उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं चतवंत सिंह पिता श्री गुरूबचन सिंह कौंसल उम्र 55 वर्ष, निवासी- 874/20, चिंतामन साहू कॉलोनी, मदन महल, महानद्दा, जबलपुर (म.प्र.) हूँ, मेरा सही नाम CHATWANT SINGH KONSAL FATHER NAME GURBACHAN SINGH एव MOTHER NAME CHARAN KAUR एवं WIFE NAME JASVINDER KAUR KONSAL है। यह कि उपरोक्त मेरा नाम पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में सही लिखा है। अतः मेरा नाम चतवंत सिंह के स्थान पर सही नाम चतवंत सिंह कौंसल सुधारकर पढ़ा एवं समझा जावे।**

— पुराना नाम —
चतवंत सिंह
CHATWANT SINGH
— नया नाम —
चतवंत सिंह कौंसल
CHATWANT SINGH KONSAL

**नाम सुधार सूचना**

हम श्रीमती जयारानी जैन आयु लगभग 64 वर्ष पति स्व. श्री एस.एस. शांति कुमार जैन निवासी म.नं. 822, जवाहरगंज, जिला जबलपुर म.प्र. एवं श्रीमती सीमा जैन आयु लगभग 63 वर्ष पति श्री योगेन्द्र कुमार जैन निवासी- म.नं. 804, बड़ा फुहारा, ममता गारमेंट के सामने, जवाहरगंज वार्ड, जिला जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करते है कि:- 1.) यह कि हम उपरोक्त पते की निवासी है एवं हमारा आधार नं.4219 7873 7828 एवं 3472 1234 6926 है। 2) यह कि विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती जयारानी जैन पति श्री एस. एस. शांति कुमार जैन है। 3) यह कि विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती सीमा जैन पति एस.एस. योगेन्द्र कुमार जैन है। 4) यह कि रिलायंस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड शेयर सर्टिफिकेट शेयर संख्या 200 फोलियो नं. 065538211 में नाम सीमा जैन एवं जयारानी अग्रवाल दर्ज है। 5.) यह कि संबंधित सभी शासकीय दस्तावेजों में जैसे बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड में हमारा सही नाम श्रीमती जयारानी जैन दर्ज है। 6.) यह कि संबंधित सभी शासकीय दस्तावेजों में जैसे बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड में हमारा सही नाम श्रीमती सीमा जैन दर्ज है। 7) यह कि शेयर सर्टिफिकेट में सही नाम जयारानी जैन एवं सीमा जैन के नाम से दर्ज करने का कष्ट करे। जिस वास्ते हमारे द्वारा संयुक्त रूप से शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**नाम सुधार सूचना**

हम योगेन्द्र कुमार जैन आयु लगभग 69 वर्ष पिता स्व.निर्मल चंद जैन एवं श्रीमती सीमा जैन आयु लगभग 63 वर्ष पति श्री योगेन्द्र कुमार जैन दोनों निवासी म.नं. 804, बड़ा फुहारा, ममता गारमेंट के सामने, जवाहरगंज वार्ड, जिला जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करते है कि:- 1) यह कि हम उपरोक्त पते के स्थाई निवासी है एवं हमारा आधार नं.6968 8290 6646 एवं 3472 1234 6926 है। 2.) यह कि विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती सीमा जैन पति श्री योगेन्द्र कुमार जैन है। 3.) यह कि अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड शेयर सर्टिफिकेट शेयर संख्या 120 फोलियो नं. 06619240 में हमारा नाम एस.एस.योगेन्द्र कुमार जैन एवं सीमा दर्ज है। 4.) यह कि लॉसन एण्ड टर्बो लिमिटेड (L&T LTD) शेयर सर्टिफिकेट शेयर संख्या 1350 फोलियो नं. 06620311 में हमारा नाम सीमा एवं योगेन्द्र कुमार दर्ज है। 5.) यह कि लॉसन एण्ड टर्बो लिमिटेड (L&T LTD) शेयर सर्टिफिकेट शेयर संख्या 1350 फोलियो नं.06619240 में हमारा नाम सीमा एवं योगेन्द्र कुमार दर्ज है। 6.) यह कि रिलांयस इनर्जी (Relience Energy) शेयर सर्टिफिकेट शेयर संख्या 06 फोलियो नं. 102925195 में हमारा नाम एस.एस.योगेन्द्र कुमार एवं सीमा दर्ज है। 7.) यह कि रिलांयस इनर्जी (Relience Energy) शेयर सर्टिफिकेट शेयर संख्या 07 फोलियो नं. 101236803 में हमारा नाम सीमा एवं योगेन्द्र कुमार दर्ज है। 8.) यह कि आर पॉवर (R Power) शेयर सर्टिफिकेट शेयर संख्या 24 फोलियो नं. 207543221 में हमारा नाम सीमा एवं योगेन्द्र कुमार दर्ज है। 9.) यह कि आर पॉवर (R Power) शेयर सर्टिफिकेट होयर संख्या 20 फोलियो नं. 207543506 में हमारा नाम सीमा एवं योगेन्द्र कुमार दर्ज है। 10.) यह कि संबंधित सभी शासकीय दस्तावेजों में जैसे बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड में हमारा सही नाम योगेन्द्र कुमार जैन दर्ज है। 11.) यह कि संबंधित सभी शासकीय दस्तावेजों में जैसे बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड में हमारा सही नाम श्रीमती सीमा जैन दर्ज है। 12.) यह कि शेयर सर्टिफिकेट में सही नाम योगेन्द्र कुमार जैन एवं सीमा जैन के नाम से दर्ज करने का कष्ट करे। जिस वास्ते हमारे द्वारा संयुक्त रूप से शपथ पत्र प्रस्तुत है।